प्रेस नोट*

*CEC श्री ज्ञानेश कुमार कल इंटरनेशनल IDEA स्टॉकहोम कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी में मुख्य वक्ता*

*CEC ने स्वीडन में भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ की स्मरणीय बातचीत*

भारत के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (CEC) श्री ज्ञानेश कुमार, जो 10 से 12 जून, 2025 तक आयोजित इंटरनेशनल IDEA स्टॉकहोम कॉन्फ्रेंस ऑन इलेक्टोरल इंटीग्रिटी में भाग लेने के लिए स्वीडन यात्रा पर हैं, ने स्वीडन में भारतीय प्रवासी समुदाय के साथ एक स्मरणीय संवाद किया।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने प्रवासी भारतीय (NRI) एवं भारत के प्रवासी नागरिकों (OCI) के बीच समावेशी भागीदारी और नागरिक सहभागिता को लेकर निर्वाचन आयोग की प्रतिबद्धता को दोहराया।

उन्होंने ऑनलाइन मतदाता पंजीकरण प्रणाली और इलेक्ट्रॉनिक ट्रांसमिशन ऑफ पोस्टल बैलेट मैनेजमेंट सिस्टम (ETPBMS) जैसे प्रमुख नवाचारों की चर्चा की, जिनका उद्देश्य प्रवासी मतदाताओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करना है।

श्री ज्ञानेश कुमार को कॉन्फ्रेंस के उद्घाटन सत्र में मुख्य भाषण (Keynote Address) देने हेतु आमंत्रित किया गया है। भारतीय चुनावों की विशालता और उससे जुड़ी लॉजिस्टिक्स की जटिलताएं विश्व भर के चुनाव प्रबंधन निकायों (EMBs) के लिए विशेष रुचि का विषय हैं। लगभग 50 देशों के 100 से अधिक प्रतिनिधि इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं, जिसे इंटरनेशनल इंस्टिटयूट फॉर डेमोक्रेसी एंड इलेक्टोरल असिस्टेंस (International IDEA) द्वारा स्वीडन के विदेश मंत्रालय, स्वीडिश इलेक्शन अथॉरिटी तथा ऑस्ट्रेलियन इलेक्टोरल कमीशन के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है।

CEC श्री ज्ञानेश कुमार आज International IDEA के सेक्रेटरी जनरल श्री केविन कासस-ज़मोरा सहित वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठकों की शुरुआत करेंगे। इसके बाद वे यूनाइटेड किंगडम, नीदरलैंड्स, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, इंडोनेशिया, मैक्सिको, मंगोलिया और स्विट्ज़रलैंड सहित लगभग 20 देशों के मुख्य निर्वाचन आयुक्तों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे, जो भारत की वैश्विक लोकतांत्रिक सहयोग और सर्वोत्तम प्रथाओं के आदान-प्रदान की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करेंगी।

श्री ज्ञानेश कुमार International IDEA की एशिया-प्रशांत निदेशक सुश्री लीना रिक्किला टामंग, नामीबिया की निर्वाचन आयोग की अध्यक्ष डॉ. एल्सी टी. न्गिकेम्बुआ, और मॉरीशस के चुनाव आयुक्त श्री अब्दूल रहमान मोहम्मद इरफान सहित अन्य वरिष्ठ अंतरराष्ट्रीय अधिकारियों से भी संवाद करेंगे।

स्टॉकहोम सम्मेलन विश्वभर के चुनाव आयोगों के प्रमुखों, नीति निर्माताओं और संस्थागत नेताओं को एक मंच पर लाकर चुनावी अखंडता से जुडी समकालीन चुनौतियों पर चर्चा करता है। इस वर्ष के प्रमुख विषयों में भ्रामक सूचना (Disinformation), डिजिटल व्यवधान, चुनावी सुरक्षा, जलवायु संबंधी जोखिम, और चुनावों में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (AI) की भूमिका शामिल हैं।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के रूप में भारत, International IDEA के साथ एक दीर्घकालिक भागीदार रहा है और अपने संस्थागत नवाचारों एवं लोकतांत्रिक अनुभवों के माध्यम से वैश्विक विमर्श में सक्रिय रूप से योगदान देता आया है। भारत अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र एवं चुनाव प्रबंधन संस्थान

(IIIDEM), प्रशिक्षण कार्यक्रमों एवं सम्मेलनों के माध्यम से चुनाव प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए एक प्रमुख संस्थान के रूप में उभर रहा है।

CEC श्री ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में भारत निर्वाचन आयोग का एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी इस सम्मेलन में भाग ले रहा है, जिसमें IIIDEM के महानिदेशक श्री राकेश वर्मा, उप महानिदेशक (कानून) श्री विजय कुमार पांडेय, और प्रधान सचिव श्री राहुल शर्मा शामिल हैं।